RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 04 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 232 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई में 300 और लोकल ट्रेन सेवाएं जोड़ने का अपना वादा निभाएगी - फड़नवीस**



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# हिंदुत्व की थीम पर महाराष्ट्र की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह !

**इन बड़ी हस्तियों को मिला न्योता...**

**मुंबई:** लंबे इंतजार के बाद महाराष्ट्र को उसकी नई सरकार मिलने वाली है। 15वीं विधानसभा के लिए बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर गुरुवार को दक्षिण मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान पर शपथ ग्रहण कर सकते हैं। महायुति सरकार 2.0 के शपथ ग्रहण के भव्य समारोह के आयोजन की तैयारी जोरशोर से चल रही है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों के अलावा चंद्रा बाबू नायडू सहित लगभग 22 राज्यों के मुख्यमंत्री और पवन कल्याण व कई अन्य बड़े नेता अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कई दूसरे साधु-संत हिंदुत्व की थीम पर आयोजित होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह का मुख्य आकर्षण बनेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए 20 नवंबर को महाराष्ट्र की जनता ने मतदान किया था। 23 नवंबर को मतगणना में जनादेश बीजेपी नीत महायुति के



पक्ष में गया था। इस चुनाव में बीजेपी 132 सीटें जीत कर राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। उसके बाद महायुति में शामिल शिवसेना (शिंदे गुट) को 57 सीटों पर तो वहीं अजीत पवार की राकां को 41 सीटों पर जीत मिली है। चुनाव में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी को शर्मनाक शिकस्त झेलनी पड़ी। मविआ में शामिल शिवसेना (यूबीटी) 20, कांग्रेस 16, राकां शरदचंद्र पवार 10 और सपा को 2 सीटों पर जीत मिली है। इस तरह से 165 सीटें जीत कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्वाली महायुति सरकार को राज्य की सत्ता से उखाड़ फेंकने का दम भरने वाला विपक्षी गठबंधन 50 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया। गौरतलब हो कि आजाद मैदान पर भले ही मुख्यमंत्री के तौर पर बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण की तैयारी चल रही है लेकिन राज्य के अगले मुख्यमंत्री के लिए देवेंद्र का नाम बीजेपी ने अभी तक अधिकृत तौर पर घोषित नहीं किया है। बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र में बीजेपी विधायक दल के नेता के चयन के लिए बुधवार को बीजेपी के विधायकों की बैठक होनी है।

बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त की गई केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विजय रूपानी के नेतृत्व में होने वाली बीजेपी विधायकों की बैठक देवेंद्र को विधायक दल का नेता बनाए जाने की औपचारिक घोषणा की जाएगी और फिर पर्यवेक्षक सीतारमण एवं रूपाणी देवेंद्र को महायुति सरकार से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार घोषित करेंगे।

## लोकोत्सव बनेगा समारोह

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण का भव्य समारोह का आयोजन लोकोत्सव के रूप में किया जाएगा। इतिहास में पहली बार शपथ ग्रहण समारोह का सार्वजनिक स्थान पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह को राज्य के बस स्टॉपों, सिनेमाघरों, रेलवे स्टेशनों सहित सार्वजनिक जगहों पर लाइव दिखाया जाएगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से जगह-जगह एलईडी स्क्रीन लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के मुंबई पहुंचते ही पूरे समारोह का सीधा प्रसारण शुरू किया जाएगा।**

## फ्लेमिंगो को ड्रोन से शूट करने पर पक्षी प्रेमियों ने नाराजगी जताई

**मुंबई:** नेटफ्लिक्स पर चल रही फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' में फ्लेमिंगो को ड्रोन से शूट करने पर पक्षी प्रेमियों ने नाराजगी जताई है। पक्षी प्रेमियों ने कहा कि ड्रोन की वजह से फ्लेमिंगो के घायल होने या उनका ध्यान भटकने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' में फ्लेमिंगो के बेहद करीब से ड्रोन कैमरे से शूट किया गया था। प्रकृति प्रेमियों ने बताया कि नेरुल में टीएस चाणक्य खाड़ी में यह शूट किया गया था। शूटिंग के दौरान ड्रोन से फ्लेमिंगो के घायल होने की संभावना रहती है। ड्रोन काफी शोर भी करते हैं, जिससे फ्लेमिंगो का ध्यान उनके आवास से हट सकता है।

## मुंबई/ महिला ने वकोला पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया...

## बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**मुंबई:** 25 वर्षीय महिला ने वकोला पुलिस पर थाने में उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। संपर्क किए जाने पर वकोला पुलिस ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उसके साथ मारपीट नहीं की गई। पुलिस के अनुसार, महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 78 (पीछा करना) और धारा 79 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) के साथ-साथ आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया,




''हमें एक शिकायत मिली थी जिसमें कहा गया था कि 25 वर्षीय महिला ने अपने सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट की है। हम मामले की जांच कर रहे हैं।'' हालांकि, महिला ने बताया कि उसे मामले की जानकारी नहीं है। उसने कहा, ''मुझे मामले के बारे में कुछ नहीं पता। मुझे क्राइम ब्रांच से होने का दावा करने वाले अधिकारियों का फोन आया था, लेकिन वे मुझे वकोला पुलिस स्टेशन ले गए, जहां मुझे बेल्ट से पीटा गया।'' महिला ने इसके बाद बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और एक रिट याचिका दायर की। यह घटना कथित तौर पर 22 नवंबर को हुई, जब उसे कथित तौर पर वकोला पुलिस स्टेशन ले जाया गया और उसके साथ मारपीट की गई। बताया, ''16 नवंबर को मुझे पुलिस से एक कॉल आया जिसमें मुझे बताया गया कि मेरे खिलाफ 4 नवंबर को एक मामला दर्ज किया गया है।

## पनवेल में 14 वर्षीय लड़की की आत्महत्या के बाद गायब व्यक्ति की तलाश...

**नवी मुंबई:** पनवेल में पुलिस 21 वर्षीय एक ऐसे व्यक्ति की तलाश कर रही है जो 14 वर्षीय लड़की की आत्महत्या के बाद गायब हो गया था। लड़की के साथ उसका करीब एक साल से रिश्ता था। प्राथमिकी के अनुसार, व्यक्ति ने किशोरी से शादी करने का वादा किया था। 14 वर्षीय लड़की ने 29 नवंबर को आत्महत्या कर ली 14 वर्षीय लड़की ने 29 नवंबर को आत्महत्या कर ली 8वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी करने के बाद स्कूल छोड़ चुकी लड़की का संबंध एक निजी कंपनी में हाउसकीपिंग स्टाफ के तौर पर काम करने वाले व्यक्ति से था। उनके रिश्ते का खुलासा तब हुआ जब परिवार के सदस्यों को इस संबंध के बारे में पता चला और उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई। ''युवक, जिसे



शुरू में उसका चचेरा भाई माना जाता था, बाद में पता चला कि वह उसका चाचा है, जिसके कारण दोनों परिवारों ने इसका कड़ा विरोध किया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, उसने रिश्ता खत्म करने का फैसला किया। पिछले हफ्ते, उसने लड़की को किसी और से शादी करने की अपनी योजना के बारे में बताया,'' जांच अधिकारी ने कहा। इस घटना से आहत होकर, 14 वर्षीय लड़की ने 29 नवंबर को एक स्थानीय खेल के मैदान में अपनी जान ले ली। उसकी मौत के बाद, वह व्यक्ति इलाके से भाग गया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### ड्रैगन की नापाक चाल...

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपनी पहली विदेश यात्रा पर चीन पहुंच गए हैं। इस यात्रा को नेपाल को चीन के और नजदीक ले जाने का सूचक माना जा रहा है, क्योंकि परंपरागत तौर पर नेपाल के नए प्रधानमंत्री पहली विदेश यात्रा पर भारत आते रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत विरोध और चीन से मित्रता ओली की व्यक्तिगत रुचि रही है। ओली हमेशा चीन के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने भारत विरोध का सहारा लेकर ही अपनी राजनीति मजबूत की है, फिर चाहे वह 2015 में की गई सीमा की नाकाबंदी हो, 2019 में सीमा-विवाद का राजनीतिकरण करना हो या फिर नेपाल का एक विवादित नक्शा लाना हो, जिसमें नेपाल ने भारत के कुछ संप्रभु क्षेत्रों को अपना दिखाया।

ओली का राजनीतिक झुकाव चीन की ओर होना भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन उनकी इस यात्रा को नेपाल का भारत से दूर जाना मान लेना भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति को कमजोर करार देने के बराबर है। तथ्य बताते हैं कि जितनी भी बार ओली और उनकी कम्युनिस्ट पार्टी आफ नेपाल (एमाले) ने चीन के साथ समझौते या राजनीतिक संबंधों की वकालत की है, वह मुख्यतः प्रतीकात्मक ही रही है और परिणामों पर कम खरी उतरी है। चूंकि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता एक सामान्य बात है और हर छह-आठ महीनों में एक नई सरकार आती है, ऐसे में हर प्रधानमंत्री का भारत आना नेपाली विदेश नीति के लिए दूसरे पड़ोसी देश की अनदेखा करने का संकेत माना जा सकता है। इससे उसके हित प्रभावित हो सकते हैं। यहां यह भी देखना जरूरी है कि ओली नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ एक गठबंधन वाली सरकार चला रहे हैं और नेपाली कांग्रेस भारत के साथ मजबूत संबंधों की वकालत करती रही है। चूंकि मौजूदा सरकार में विदेश मंत्री नेपाली कांग्रेस से हैं, ऐसे में नेपाली कांग्रेस भारत के साथ इतना बड़ा जोखिम लेने से बचेगी। इसलिए नेपाल दो पड़ोसियों के बीच संतुलित विदेश नीति बनाए रखने का प्रयास कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या ओली का चीन के प्रति झुकाव नेपाल के लिए फायदे का सबब बना है? उत्तर नकारात्मक ही है, क्योंकि नेपाल और चीन के बीच जितने भी बड़े समझौते पिछले दस वर्षों में हुए हैं, उनमें ज्यादातर ठंडे बस्ते में पड़े हैं और यह बात चीन को सताती रही है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई में 300 और लोकल ट्रेन सेवाएं जोड़ने का अपना वादा निभाएगी - फड़नवीस



**मुंबई :** पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी मुंबई में 300 और लोकल ट्रेन सेवाएं जोड़ने का अपना वादा निभाएगी. एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय मुंबई के रेलवे नेटवर्क पर भीड़ कम करने के लिए लगन से काम कर रहा है. ''वसई में एक मेगा रेल टर्मिनल के साथ, मुंबई के लिए तीन सौ नई लोकल ट्रेनें जल्द ही आ रही हैं! तीन प्रमुख रेलवे परियोजनाओं की मंजूरी समृद्ध और विकसित महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी. इन परियोजनाओं में प्रयागराज-मानिकपुर तीसरी लाइन, भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन और मनमाड-जलगांव चौथी लाइन शामिल हैं, ''फडणवीस ने लिखा. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मुंबई को पूर्वांचल से जोड़ने वाला एक नया गलियारा बंदरगाह कनेक्टिविटी को बढ़ाने की एक व्यापक योजना का हिस्सा है.

मुंबई के लिए, मध्य रेलवे पर परेल, लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी), कल्याण और पनवेल के साथ-साथ पश्चिम रेलवे पर मुंबई सेंट्रल और बांद्रा में टर्मिनलों की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देने से दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद है. ''जोगेश्वरी में एक नया टर्मिनल और वसई में एक मेगा रेल टर्मिनल की भी योजना बनाई गई है. उपनगरीय रेलवे प्रणाली के लिए जल्द ही 300 अतिरिक्त ट्रेनें शुरू की जाएंगी. इन परियोजनाओं का लक्ष्य मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में कनेक्टिविटी, व्यापार और यातायात प्रवाह को बढ़ावा देते हुए लाखों मुंबईकरों के लिए यात्रा को और अधिक आरामदायक बनाना है.

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने योजनाओं की पुष्टि करते हुए बताया कि सरकार ने एमएमआर के लिए 16,240 करोड़ रुपये की पहल को मंजूरी दी है. इसमें अतिरिक्त 301.5 किमी ट्रैक के साथ नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 12 मेगा परियोजनाएं शामिल हैं, जो मौजूदा सेवाओं को प्रभावी ढंग से दोगुना कर देंगी. ''हम वसई बाईपास लाइन का भी निर्माण कर रहे हैं, जिसे मंजूरी मिल गई है. इसके अतिरिक्त, 29.6 किमी पनवेल-कर्जत रेल गलियारा विकासाधीन है. मुंबई के रेलवे बुनियादी ढांचे में निवेश पर्याप्त है, और ये परियोजनाएं निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं, और अगले कुछ वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है, ''अधिकारी ने कहा.

## भिवंडी में मनपा द्वारा दिव्यांग दिवस पर रोजगार मेला



**भिवंडी :** भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका द्वारा दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग जन के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया, स्वर्गीय राजयया गांजेगी हाल में आयोजित रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष तक के 93 दिव्यांग जन का चयन किया गया, 93 चयनित लोगों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार जल्द ही अमेजान और बिग बास्केट कंपनी में नौकरी उपलब्ध कराया जाएगा, इस रोजगार मेले का उद्घाटन मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने किया, इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग उपायुक्त प्रणाली घोगे, शिक्षा विभाग उपायुक्त डा अनुराधा बाबर, समाज कल्याण विभाग उपायुक्त प्रणाली घोगे, शिक्षण विभाग उपायुक्त डॉ. अनुराधा बाबर, जिला उद्योजक केंद्र तालुका समन्वयक ज्ञानेश्वर राठोड, युथ फॉर जॉब्स सामाजिक संस्था के प्रतिनिधी सूर्यकांत फडके, प्रियाली डेकाटे, समीर भोंसले और प्रवीण धनावडे और समाज कल्याण विभाग के सहाय्यक आयुक्त मिलिंद पळसुले , जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी, समाज कल्याण विभाग प्रमुख नितेश चौधरी, दीन दयाळ उपाध्याय राष्ट्रीय नागरी रोजगार विभाग से कैलास पाटील व अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित थे.

## भिवंडी में अवैध बिल्डिंग पर मनपा द्वारा की गई तोड़क कार्यवाई!

मुस्तकीम खान



**भिवंडी :** भिवंडी के गणेश सोसायटी में मुंबई हाईकोर्ट के आदेश पर घर नंबर 1161/0 के ए विंग और बी विंग का चौथी और पांचवीं मंजिल का निर्माण कार्य मुकेश कुमार काशी भाई पटेल ने अवैध तरीके से बगैर परमिशन बनाया गया था मुंबई हाईकोर्ट के आदेश के बाद टोरंट पावर कंपनी ने बिजली आपूर्ति खंडीत की, मनपा जलापूर्ति विभाग ने जलापूर्ति खंडित किया इसके बाद मनपा की टीम ने अवैध निर्माण को तोड़ने का काम शुरू किया, मनपा आयुक्त के मार्गदर्शन में शुरू किए गये तोडू कारवाई में प्रभाग समिति दो के सहायक आयुक्त माणिक जाधव, रमाकांत म्हात्रे, बीट निरिक्षक, अतिक्रमण पथक और कर्मचारी उपस्थित थे इस दौरान शांतिनगर पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से बंदोबस्त चाक चौबंद इंतजाम किया था।

## वसोर्वा-दहिसर तटीय मार्ग के लिए केंद्र और राज्य की मंजूरी

**मुंबई :** मुंबई महानगरपालिका को वसोर्वा-दहिसर तटीय मार्ग के लिए आवश्यक तटीय प्रबंधन क्षेत्र के लिए केंद्र और राज्य की मंजूरी मिल गई है। अब केवल वन खाते की अनुमति शेष है और यह एक महीने के भीतर मिलने की संभावना है। इसलिए, इस परियोजना का काम अगले एक या दो महीने में शुरू होने की संभावना है। प्रिंसेस स्ट्रीट फ्लाईओवर से बांद्रा वर्ली सी लिंक के दक्षिणी छोर तक सागरी किनारा मार्ग परियोजना का काम वर्तमान में मुंबई महानगरपालिका द्वारा चल रहा है।

इस परियोजना का काम पूरा होने वाला है और जनवरी 2025 से इस परियोजना को यातायात के लिए पूरी तरह से खोल दिए जाने की संभावना है। तटीय सड़क का निर्माण पश्चिमी उपनगरों में वसोर्वा-दहिसर के बीच किया जाएगा और इस काम के लिए दिसंबर 2023 में ठेकेदार की नियुक्ति की गई थी। अगस्त 2023 में, पुल विभाग ने छह चरणों में इस काम के लिए निविदाएँ आमंत्रित की थीं। उसके लिए चार इच्छुक कंपनियों ने निविदाएँ प्रस्तुत की थीं। इन चार कंपनियों को इन छह चरणों में काम करने का ठेका दिया गया है। इसमें मेघा इंजीनियरिंग और एनसीसी, एल. एंड टी एंड जे. कुमार जैसी कंपनियां शामिल हैं।

# ठाणे में कोकीन के साथ दो नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार



**ठाणे :** पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड इलाके में कथित तौर पर 1.19 करोड़ रुपये की कीमत वाली उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन ले जाने के आरोप में दो नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 30 नवंबर को संदिग्ध रूप से घूम रहे दो विदेशी नागरिकों को रोका, इस दौरान उनकी तलाशी में 150 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 1.19 करोड़ रुपये है। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुलुंड पुलिस ने 13 वर्षीय लड़की पर कथित यौन उत्पीड़न के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया



**मुंबई :** मुंबई मुलुंड पुलिस ने 13 वर्षीय लड़की पर कथित यौन उत्पीड़न के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो गर्भवती हो गई और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। पुलिस के अनुसार, बच्चा और नाबालिग माँ, जिनके माता-पिता घरेलू कामगार हैं, दोनों वर्तमान में शहर के एक अस्पताल में भर्ती हैं और ठीक हैं। बलात्कार की शिकार 13 वर्षीय लड़की ने बच्चे को जन्म दिया यह घटना 29 नवंबर को तब सामने आई जब लड़की ने पेट में दर्द की शिकायत की। उसके परिवार के सदस्यों ने शुरू में इस मामले को अनदेखा किया, यह सोचकर कि यह संभवतः उसके द्वारा खाए गए कुछ से संबंधित हो सकता है। लेकिन, जब उसका दर्द बढ़ गया, तो उसे एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने बताया कि वह सात महीने की गर्भवती थी। चूँकि लड़की नाबालिग थी, इसलिए डॉक्टर ने मामले की सूचना मुलुंड पुलिस स्टेशन को दी जहाँ अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान लड़की ने बताया कि मई में रेलवे पुल पर एक व्यक्ति उससे मिला था और पैसे का लालच देकर उसे मुलुंड रेलवे स्टेशन के पास एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। उसने यह भी दावा किया कि आरोपी ने उसे घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी थी। महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा आगे की जांच करने पर, नाबालिग ने मुलुंड इलाके में रहने वाले तीन लोगों के नाम बताए। बयान दर्ज करने के बाद, पुलिस ने तीन लोगों का पता लगाया - एक 50 वर्षीय और दो अन्य जो तीस के दशक के आसपास के थे, सभी एक ही इलाके के निवासी थे।

# अमरावती में दो कारों में भीषण टक्कर, तीन की मौत !



**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में दो कारों में आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने बताया कि अमरावती जिले में सोमवार को दो कारों की टक्कर में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर में दरियापुर-अकोला मार्ग पर गोलेगांव गांव में हुई। उन्होंने बताया, एक कार में सवार चार लोगों में से तीन की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। दूसरी कार में सवार दो लोगों को भी चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर और भारतीय नौसेना की पनडुब्बी की टक्कर में एफआईआर दर्ज...



**मुंबई :** मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर और भारतीय नौसेना की पनडुब्बी की टक्कर में एफआईआर दर्ज येलो गेट पुलिस ने भारतीय नौसेना द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर, एफवी मैराथोमा, जिसने गोवा तट के पास उनकी पनडुब्बी, आईएनएस करंज को टक्कर मारी, ने स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी को लगभग ₹10 करोड़ का नुकसान पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार, पनडुब्बी के कार्यकारी अधिकारी कमल प्रीत सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिन्होंने कहा कि 21 नवंबर को शाम करीब 7 बजे जब टक्कर हुई, तब आई.एन.एस. करंज गोवा तट के पास परिचालन तैनाती पर थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत), 125 (जल्दबाजी या लापरवाही से दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने की सजा), 282 (जहाज का लापरवाही से संचालन) और 324 (शरारत) के तहत अपराध दर्ज किया है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''जब पनडुब्बी गोवा से दक्षिण-पूर्व दिशा की ओर 6 नॉट प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रही थी और पेरिस्कोप की गहराई बनाए रख रही थी, तो मछली पकड़ने वाला ट्रॉलर अपने सोनार सिस्टम पर दिखाई दिया।'' पनडुब्बी पर सवार अधिकारियों ने एक मोड़ लेने और दूर जाने का फैसला किया, तभी ट्रॉलर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के कारण ट्रॉलर डूब गया।

''नौसेना के अधिकारियों ने ट्रॉलर से तेल रिसाव के बावजूद 11 लोगों को बचाया। बाद में, उन्हें पता चला कि जहाज पर 13 लोग थे। 28 नवंबर को ट्रॉलर की तलाशी के दौरान उन्हें दो मछुआरों के शव मिले, जो शायद डूबने के समय कूद नहीं पाए थे। घटना की जांच के लिए एक जांच बोर्ड का गठन किया गया है और इसकी रिपोर्ट का इंतजार है, ''पुलिस अधिकारी ने कहा। पनडुब्बी को कर्नाटक के कारवार में भारतीय नौसेना के बेस पर ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक निरीक्षण के बाद पाया गया कि इसे ₹10 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है।

# मेरे उपमुख्यमंत्री बनने की सारी खबरें बेबुनियाद और निराधार - श्रीकांत शिंदे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस जारी रहने के बीच कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और कल्याण से शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने उन अटकलों को 'बेबुनियाद' करार दिया, जिनमें कहा गया था कि वे नई महायुति सरकार में उपमुख्यमंत्री बनने के लिए सहमत हो गए हैं। 'एक्स' पर सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा, ''पिछले दो दिनों से यह खबर सवालों के घेरे में है कि मैं उपमुख्यमंत्री बनूंगा। वास्तव में इसमें कोई सच्चाई नहीं है और मेरे उपमुख्यमंत्री बनने की सारी खबरें बेबुनियाद और निराधार हैं।'' शिंदे ने कहा कि महागठबंधन सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में थोड़ी देरी हुई है, जिससे काफी चर्चा और अफवाहें फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री अस्वस्थ होने के कारण दो दिन के लिए आराम करने अपने गांव गए हैं। नतीजतन, अफवाहें फैल गईं।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद भी उनके पास केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका था। उन्होंने कहा, ''लेकिन मैंने पार्टी संगठन के लिए काम करने के बारे में सोचा और तब भी मंत्री पद से इनकार कर दिया। मुझे सत्ता में किसी पद की इच्छा नहीं है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देता हूं कि मैं राज्य में किसी भी मंत्री पद की दौड़ में नहीं हूं।'' उन्होंने कहा कि वह केवल अपने लोकसभा क्षेत्र और शिवसेना के लिए काम करेंगे। शिंदे ने कहा कि वह मीडिया में उत्साह और प्रतिस्पर्धा को समझ सकते हैं, लेकिन उन्होंने मीडिया से अनुरोध किया कि रिपोर्टिंग करते समय वास्तविकता से मुंह न मोड़ें। उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि कम से कम अब मेरे बारे में चर्चा बंद हो जाएगी।'' महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे, जिसमें महायुति गठबंधन, जिसमें भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) शामिल हैं, ने शानदार जीत हासिल की।

# ईवीएम हैक के दावे पर चुनाव आयोग के निर्देश पर साइबर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर




**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति की बड़ी जीत के बाद से राज्य में ईवीएम पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। महाविकास आघाड़ी के नेताओं की तरफ से भी ईवीएम टेंपरिंग की आशंकाएं व्यक्त की गई है। इस सब के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हुए वीडियो में दावा किया जा रहा है कि 53 करोड़ रुपये देने पर 63 सीटों की ईवीएम को हैक हो जाएंगी। इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए जाने को लेकर जहां चुनाव आयोग ने बयान जारी किया करते हुए दावे को गलत बताया है तो वहीं आयोग के दखल पर मुंबई पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। यह एफआईआर मुंबई पुलिस के साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोकलिंगम की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा एक वीडियो साझा किया गया था जहां एक व्यक्ति महाराष्ट्र चुनावों में ईवीएम आवृत्ति को अलग करके ईवीएम को हैक करने और छेड़छाड़ करने के झूठे, निराधार और निराधार दावे कर रहा है।

# खार पुलिस ने 19 वर्षीय केयरटेकर और उसके बॉयफ्रेंड को 1.2 किलो सोने के गहने चुराने के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई:** खार पुलिस ने 19 वर्षीय केयरटेकर और उसके बॉयफ्रेंड को उस घर से 1.2 किलो सोने के गहने चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जहां वह काम करती थी। इन दोनों ने अपनी शादी के लिए पैसे जुटाने के इरादे से घर से 1.2 किलो सोने के गहने चुराए थे। केयरटेकर को तब पकड़ा गया, जब उसने चोरी के गहने पहने हुए अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड कीं। उसके बॉयफ्रेंड ने भी चोरी की सोने की चेन पहने हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट की थीं, जिसे उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिमा नागेंद्र निषाद सांताक्रूज की रहने वाली है, जबकि उसका बॉयफ्रेंड रजनीश शिवधन आर्य, 20, भस्मा गांव, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में रहता है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का 70 फीसदी सोना बरामद कर लिया है। शिकायतकर्ता खार पश्चिम में रहने वाले एक व्यवसायी परिवार की महिला है।

पुलिस के मुताबिक, चोरी मई से 20 अक्टूबर के बीच हुई, जब निषाद खार में एक वरिष्ठ नागरिक के घर में केयरटेकर के तौर पर काम कर रही थी। "निषाद को इस नौकरी के लिए उसकी बहन ने सिफारिश की थी, जो वरिष्ठ नागरिक के लिए थेरेपिस्ट के तौर पर काम करती थी। वह मई में





केयरटेकर के तौर पर शामिल हुई और घर से सोने के गहने चुराने लगी। उसने चोरी का सामान अपने प्रेमी रजनीश आर्य को सौंप दिया, जो उत्तर प्रदेश में रहता है," एक पुलिस अधिकारी ने कहा। अधिकारी के अनुसार, यह जोड़ा पिछले दो सालों से रिलेशनशिप में था और शादी करना चाहता था।

"उन्होंने खार के घर से सोने के गहने चुराने की साजिश रची, इसे बेचकर अपनी शादी का खर्च उठाने की योजना बनाई।" 20 अक्टूबर को निषाद ने नौकरी छोड़ दी और दूसरी जगह काम करने लगी। हालांकि, 3 नवंबर को उसने इंस्टाग्राम पर सोने की अंगूठियां पहने हुए फोटो अपलोड किए, जिन्हें शिकायतकर्ता ने चोरी की संपत्ति बताया। शिकायतकर्ता ने निषाद की सोने की अंगूठियों के साथ एक फोटो देखी। इसके बाद 7 नवंबर को खार पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई।

जांच और गिरफ्तारी

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त परमजीत दहिया, डीसीपी (जोन क) दीक्षित गेदाम और खार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक संजीव धूमल के मार्गदर्शन में, पीएसआई हनमंत कुंभारे और कांस्टेबल भरत काचे, दिनेश शिर्के, योगेश तोरणे, पल्लवी बोराटे और अनीशा मोरे की एक टीम आरोपी को पकड़ने के लिए बनाई गई थी। पूछताछ के दौरान, निशाद ने मई और अक्टूबर के बीच सोने के गहने चुराने की बात स्वीकार की और खुलासा किया कि उसने उन्हें उत्तर प्रदेश में अपने प्रेमी को दे दिया था। वरिष्ठ निरीक्षक संजीव धूमल ने कहा, "हमने निशाद को सांताक्रूज से गिरफ्तार किया। उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था, लेकिन जांच के दौरान, उसने खुलासा किया कि उसने चोरी के सभी गहने आर्य को सौंप दिए थे। हमारी टीम ने उत्तर प्रदेश से उसका पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। हमने उससे चोरी का सामान बरामद कर लिया है।"

## ठाणे : नाबालिग लड़की के साथ कई बार बलात्कार...

### दंपति को 10 साल कैद की सजा



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग लड़की के साथ कई बार बलात्कार करने के मामले में एक दंपति को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत गठित विशेष अदालत की न्यायाधीश रुबी मालवंकर ने 29 नवंबर को अपने आदेश में मीरा रोड निवासी जितेंद्र तिवारी और नमिता तिवारी पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी व्यक्ति ने 2010 में नाबालिग लड़की से दोस्ती की थी, जो उसकी इमारत में काम करने वाली अपनी मां और दादी के साथ वहां आया करती थी।

मामले में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व अधिवक्ता रेखा हीवराले और वर्षा चंदाने ने किया। उन्होंने दलील दी कि व्यक्ति ने पीड़िता के साथ कई बार बलात्कार किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जितेंद्र तिवारी की पत्नी ने उसे लड़की का यौन उत्पीड़न करने के लिए उकसाया और पीड़िता गर्भवती भी हो गई। अदालत ने कहा कि दंपति को पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत न्यूनतम सजा सुनाई जा रही है क्योंकि दोनों अब वरिष्ठ नागरिक हैं और अन्य आपराधिक मामलों का भी सामना कर रहे हैं।

## जलगांव : ऑडी और होंडा सिटी कार की टक्कर, दंपत्ति की मौके पर ही मौत!

**जलगांव :** एक भयानक हादसा , ऑडी और होंडा सिटी कार के बीच आमने-सामने की टक्कर इस हादसे में होंडा सिटी में सवार दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। ऑडी में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुंबई पुलिस के मुताबिक यह हादसा सोमवार शाम करीब 4 बजे जलगांव के परोला गेट के पास हुआ। मामले की जांच के दौरान पता चला कि ऑडी जलगांव शहर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही थी। जैसे ही यह कार परोला गेट के पास पहुंची तो सामने से एक होंडा सिटी कार आई और ये दोनों कारें पूरी रफ्तार से टकरा गईं। होंडा सिटी कार में सूरत से आ रहे दंपत्ति जलगांव जा रहे थे। दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए घटनास्थल के पास मौजूद लोगों के मुताबिक दोनों कारों के बीच इतनी जोरदार टक्कर हुई कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। टक्कर की आवाज करीब आधे किलोमीटर तक सुनी गई। यह आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। तब तक होंडा सिटी में सवार दंपत्ति की मौत हो चुकी थी। उनकी पहचान ज्योति पाटिल और उनके पति सुधीर पाटिल के रूप में हुई है।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि ऑडी कार में सवार सभी चार लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया है। जहां चारों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस जांच में पता चला है कि ऑडी कार में सवार ये चारों लोग नासिक से जलगांव आ रहे थे। शहर पार करते समय यह हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नवी मुंबई में सीआईएसएफ कर्मियों पर मामला दर्ज

**नवी मुंबई :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक रोडवेज घटना में एक डॉक्टर, उसके भाई और अन्य लोगों पर हमला करने के आरोप में 10 से 15 सीआईएसएफ कर्मियों पर मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना 29 नवंबर की रात 10.15 बजे घटी। दरअसल कुछ बसें सीआईएसएफ कर्मियों को उनके आवास तक ले जा रही थीं।

नवी मुंबई में खारघर के सेक्टर 36 में एक तेज रफ्तार बस अचानक एक कार के सामने आ गई। कार में सवार डॉक्टर ने बस का पीछा किया और बस चालक को वाहन रोकने के लिए कहा। बस से पांच-छह सीआईएसएफ के कर्मी उतरे और डॉक्टर से भिड़ गए। कुछ सीआईएसएफ कर्मियों ने डॉक्टर के भाई और अन्य लोगों से मारपीट की और कार का शीशा तोड़ दिया। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि




सीआईएसएफ कर्मी शराब के नशे में थे। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत 10-15 सीआईएसएफ कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## ठाणे : महिला से दुष्कर्म-धमकाने के आरोप में आरपीएफ जवान के खिलाफ केस दर्ज...



**ठाणे :** 30 वर्षीय महिला से दुष्कर्म करने और धमकाने के आरोप में पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी ने महिला से 2022 में दोस्ती की थी। वह महिला को कल्याण में कई स्थानों पर ले जाता था और शादी का वादा कर उससे दुष्कर्म करता था। हालांकि, बाद में आरोपी ने पीड़िता से शादी करने से इनकार कर दिया। उसने महिला को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com